# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 15 जून 2025



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine

Rajasthan Current Affairs

by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine GK Search Engine GK Search Engine



Yesterday, Quiz:

**Q. राजस्थान के किस जिले में सेना की बैटल एक्स डिविजन द्वारा 'Future Ready' थीम पर आधारित युद्धाभ्यास किया गया?**

(a) जैसलमेर
(b) जोधपुर
(c) बीकानेर
(d) इनमें से कोई नही

*♦राजस्थान के जैसलमेर में 'Future Ready' थीम पर आधारित युद्धाभ्यास में मिशन उन्मुख प्रशिक्षण, अत्याधुनिक हथियारों और तकनीकी प्रणालियों का समावेश करके रेगिस्तानी युद्ध की संभावनाओं पर गंभीरता से काम किया गया.*

*♦यह युद्धाभ्यास भारतीय सेना के Konark Corps के अंतर्गत हुआ.*

*♦9 जून से शुरू सेना की बैटल एक्स डिविजन द्वारा किए गए इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य रेगिस्तानी इलाकों में ऑपरेशनल रेडीनेस को परखना था.*

**01. आंध्र प्रदेश में 4 से 8 जून तक आयोजित 12वीं बीच कबड्डी प्रतियोगिता में राजस्थान पुरुष कबड्डी टीम किस टीम  से हारकर उपविजेता रही?**

(a) आंध्र प्रदेश

(b) मध्यप्रदेश

(c) छत्तीसगढ़

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦ मछलीपट्टनम आंध्र प्रदेश में आयोजित 12वीं बीच कबड्डी प्रतियोगिता में राजस्थान पुरुष कबड्डी टीम दमदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता रही।

♦फाइनल मैच मेजवान आंध्र प्रदेश और राजस्थान के मध्य खेला गया जिसमें राजस्थान टीम 42-32 अंतर से हार गया

♦ 12वी बीच कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन – 4 से 8 जून 2025, मंचलिपट्टनम (आंध्र प्रदेश)

♦राजस्थान कबड्डी संघ के अध्यक्ष तेजस्वी सिंह गहलोत

02. हाल ही में किस देश के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल बीकेजीएम लसांथा रोड्रिगो ने जयपुर में दक्षिण पश्चिमी कमान मुख्यालय का दौरा किया?



(A) सिंगापुर

(B) श्रीलंका

(C) नेपाल

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦श्रीलंका सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल बीकेजीएम लसांथा रोड्रिगो ने 11 से 14 जून 2025 तक भारत की अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान जयपुर में दक्षिण पश्चिमी कमान मुख्यालय का दौरा किया

♦उन्होंने क्षेत्रीय सुरक्षा, संयुक्त प्रशिक्षण पहल, क्षमता विकास और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए आपसी हित के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की।

♦लेफ्टिनेंट जनरल रोड्रिगो ने कमान मुख्यालय में अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भी बातचीत की, परिचालन अनुभवों पर विचारों का आदान-प्रदान किया और दोनों सेनाओं के बीच सहयोग बढ़ाने के अवसरों की चर्चा की।

03. राजस्थान में किन जिलों के बीच 64 किलोमीटर लंबे 37 बी स्टेट हाईवे का निर्माण किया जाएगा?

(A) सीकर और झुंझुनू

(B) अलवर और भरतपुर

(C) फलोदी और जोधपुर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦राजस्थान के सीकर और झुंझुनू जिलों के निवासियों के लिए एक सकारात्मक विकास की खबर आई है। राज्य सरकार, केंद्र के सहयोग से, 64 किलोमीटर लंबे 37 बी स्टेट हाईवे का निर्माण करने जा रही है।

♦यह हाईवे सीकर और झुंझुनू को सीधे जोड़ते हुए, दोनों जिलों के दो दर्जन से अधिक गांवों के लोगों को लंबी यात्रा करने के बजाय सीधे आवागमन का लाभ प्रदान करेगा।

♦ 37 बी स्टेट हाईवे का निर्माण अगस्त में शुरू होगा। यह हाईवे सीकर के पिपराली चौराहे से प्रारंभ होगा।

♦ नए हाईवे के निर्माण से इन समस्याओं का समाधान होगा और यात्रा अधिक सुविधाजनक होगी।

04. हाल ही में 'हर खेत को पानी' अभियान में जल शक्ति मंत्रालय की ओर से राजस्थान में जल संसाधन विभाग को कितने करोड़ रुपए की केन्द्रीय सहायता राशि स्वीकृत की गई है?

(A) 33.12 करोड़ रुपए

(B) 27.14 करोड़ रुपए

(C) 16.50 करोड़ रुपए

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦ प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत 'हर खेत को पानी' अभियान में जल शक्ति मंत्रालय की ओर से जल संसाधन विभाग को 16.50 करोड़ रुपए की केन्द्रीय सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

♦यह राशि वर्ष 2025-26 की प्रथम किश्त के रूप में अभियान अंतर्गत प्रगतिरत 84 रिपेयर-रिनोवेशन-रेस्टोरेशन (आरआरआर) कार्यों के लिए प्राप्त हुई है।

♦अब राज्य सरकार द्वारा 40 प्रतिशत (लगभग 11 करोड़ रुपए) राशि और जोड़ी जाएगी। इस प्रकार कुल 27.50 करोड़ रुपए की लागत से कार्यों को गति मिलेगी।

♦परियोजना की कुल लागत 142.92 करोड़ रुपए है। इसमें केन्द्र और राज्य का अंशदान 60.40 के अनुपात में है।है। .

05. हाल ही में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजस्थान के किस जिले में राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा?

(a) उदयपुर

(b) जोधपुर

(c) जयपुर

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

➡11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21जून) के अवसर पर जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा

♦प्रदेश में जिला, ब्लॉक एवं पंचायत स्तर, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, राजकीय एवं निजी विद्यालयों, सार्वजनिक उद्यानों और सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थाओं सहित लगभग 65 हजार स्थानों पर एक करोड़ लोगों की भागीदारी का लक्ष्य रखा गया हैं।

♦योग दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का केंद्र सरकार के योग संगम पोर्टल पर और राज्य सरकार के पोर्टल पर पंजीयन किया जाएगा।

06.राजस्थान के सालासर व खाटू श्याम की यात्रा को सरल बनाने हेतु कहां तक हेलीकॉप्टर टैक्सी सेवा शुरू होगी?

(A) गुरूग्राम

(B) मुंबई

(C) सूरत

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦राजस्थान में जल्द ही गुरूग्राम से राजस्थान के सालासर व खाटू श्याम की यात्रा और आसान होगी। यात्रा दोनोें धाम के लिए हेलीकॉप्टर टैक्सी सेवा शुरू होने से आसान होगी।

♦इसके लिए हरियाणा के नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल ने राजस्थान के नागरिक उड्डयन मंत्री गौतम कुमार से चर्चा की है।

♦दोनों में सेवा शुरू करने को लेकर सहमति बन गई है।
इस सेवा के शुरू हाेने से क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

♦इस पहल से न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था, रोजगार और सेवा क्षेत्र में भी उल्लेखनीय विकास होगा

07.हाल ही में पुणे के फूलगांव में आयोजित तीसरी “कूडो नेशनल चैंपियनशिप किसने जीती है?

(A) राजस्थान

(B) हरियाणा

(C) मध्यप्रदेश

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

➡ हाल ही में पुणे के  पुणे में आयोजित तीसरी “कूडो नेशनल चैंपियनशिप कप एवं नेशनल ट्रेनिंग कैंप” का सफल आयोजन किया गया, जिसमें देश के 32 राज्यों से 1,200 प्रतिभागी शामिल हुए।

♦इस प्रतियोगिता में राजस्थान की टीम ने 130 से अधिक खिलाड़ियों एवं अधिकारियों के साथ भाग लिया और 38 स्वर्ण, 21 रजत तथा 19 कांस्य पदक-कुल 78 पदक-जीतकर लगातार नौवीं बार चैंपियन ट्रॉफी अपने नाम कर एक इतिहास रचा

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**08.राजस्थान में वर्ष 2025-26 में स्वास्थ्य के क्षेत्र में कितने करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था?**

(A) 27,660 करोड़ रुपये

(B) 28,865 करोड़ रुपये

(C) 47,350 करोड़ रुपये

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦वर्तमान राज्य सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र के प्रति कितनी संवेदनशील है, इसका अनुमान इससे लगाया जा सकता है कि वर्ष 2024-25 में 27,660 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया, जो कुल बजट का 8.26% था और अब तक का स्वास्थ्य के क्षेत्र में सर्वाधिक बजट प्रावधान था।

♦पूर्ववर्ती सरकार के अंतिम बजट में स्वास्थ्य के क्षेत्र में 22,572 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया, जो कुल बजट का मात्र 4.73% था।

♦ वर्ष 2025-26 के लिए राज्य सरकार ने 28 हजार 865 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया है।

09. हाल ही में विश्व रक्तदाता दिवस कब मनाया गया है?

(a) 12 जून

(b) 13 जून

(c) 14 जून

(d) इनमें से कोई नहीं

**Important Facts:**

♦विश्व रक्तदाता दिवस: 14 जून

♦2004 में विश्व रक्तदाता दिवस को पहली बार WHO द्वारा प्रतिष्ठित किया गया था।

♦58वीं विश्व स्वास्थ्य सभा, 2005 में इसे एक वार्षिक वैश्विक कार्यक्रम के रूप में घोषित किया गया था।

♦कार्ल लैंडस्टीनर का जन्मदिन विश्व रक्तदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है, वह ऑस्ट्रियाई अमेरिकी प्रतिरक्षाविज्ञानी, रोगविज्ञानी और 1930 में नोबेल पुरस्कार विजेता थे।

♦विषय: गिव ब्लड, गिव होप: टुगेदर वी सेव लाइव्जौ

10. हाल ही में ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स- 2025 में भारत कौनसे स्थान पर रहा है ?

(a) 138वे

(b) 131वे

(c) 129वें

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:

**Important Facts:**

♦WEF की ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025 में भारत 148 देशों में 131वें स्थान पर है,

♦उद्देश्य: स्वास्थ्य, शिक्षा, अर्थव्यवस्था और राजनीति में लैंगिक अंतराल को कम करने की प्रगति को ट्रैक करने हेतु मार्गदर्शक उपकरण के रूप में कार्य करना।

♦ प्रथम स्थान पर – आइसलैंड (लगातार 16वीं बार)

✓ भारत की स्थिति –

- ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स 2025 में भारत 131वे स्थान पर रहा।
- भारत का स्कोर 64.4%
- 2024 की रैंकिंग में भारत 129वें स्थान पर था।

♦रैंकिंग में अंतिम स्थान (148वा) – पाकिस्तान

**Today, Quiz:**

**Q. भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार राजस्थान में किसकी अध्यक्षता में राज्य विकास समन्वय निगरानी समिति – दिशा का गठन किया गया है?**

(a) मदन दिलावर

(b) दीया कुमारी

(c) भजनलाल शर्मा

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine